# PURNEA UNIVERSITY, PURNIA

[Estd. In 2018 under the Bihar State Universities (Amendment) Act, 2016 (Bihar Act,13, 2016)]
(Administrative Block, Pratap Nagar, Purnea Bihar – 854301)
website : https://www.purneau.ac.in E-mail : registrar@purneau.ac.in

**Ref.: PUP (49/26 Acd ) – R/26 – 1553** **Date: 22.09.2026**

सेवा में,

प्रधानाचार्य/ प्रभारी प्रधानाचार्य
सभी अंगीभूत एवं संबध महाविद्यालय
पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां ।

विषय : राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 के अनुरूप Public Self-Disclosure संबंधी निर्देशों के अनुपालन के क्रम में पूर्णियां विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट को अद्यतन एवं आवश्यक सूचनाओं से सुसज्जित किए जाने के संबंध में।

संदर्भ :-

1. UGC D.O. No. F.14-4/2023 (CPP-II)(C.No.131173) दिनांक 10.06.2024 द्वारा जारी Guidelines on Public Self-Disclosure by Higher Education Institutions, 2024।
2. पत्रांक BSHEC/PSD/52/2026-663 Compliance-UGC/49/2025-67, दिनांक 31.08.2026

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भित पत्रों के आलोक में कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 के मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप उच्चतर शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु Public Self-Disclosure किया जाना अपेक्षित है। अतः पूर्णिया विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि संदर्भित पत्र में निहित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर आवश्यक सूचनाओं का Public Self-Disclosure सुनिश्चित करें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर UGC/BSHEC द्वारा निर्धारित Public Self-Disclosure से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं को उपयुक्त शीर्षकों के अंतर्गत अद्यतन एवं प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। वेबसाइट पर निम्नलिखित सूचनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए —

- महाविद्यालय का परिचय, वैधानिक प्रावधान एवं संस्थागत विकास संबंधी जानकारी।
- मान्यता, प्रत्यायन एवं रैंकिंग संबंधी विवरण।
- प्रशासन एवं शासन से संबंधित जानकारी, प्राधिकारियों, वैधानिक निकायों एवं समितियों का विवरण।
- शैक्षणिक कार्यक्रम, शैक्षणिक कैलेंडर, अध्यादेश/विनियम एवं संकाय/शिक्षकों से संबंधित विवरण।
- IQAC, पुस्तकालय एवं शैक्षणिक सहयोग/सहभागिता संबंधी जानकारी।
- प्रवेश प्रक्रिया, प्रॉस्पेक्टस, शुल्क संरचना एवं शुल्क वापसी नीति।
- अनुसंधान, नवाचार, परामर्श, सहयोग एवं स्टार्ट-अप संबंधी जानकारी।
- छात्र जीवन एवं सहायता सेवाएँ—NCC/NSS, खेलकूद, छात्रावास, प्लेसमेंट, शिकायत निवारण, एंटी-रैगिंग, समान अवसर एवं दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु सुविधाएँ।
- Alumni Association एवं उसकी गतिविधियों का विवरण।
- Information Corner के अंतर्गत RTI, परिपत्र, अधिसूचनाएँ, घोषणाएँ, आरक्षण रोस्टर, रोजगार/रिक्तियों संबंधी सूचना एवं अन्य वैधानिक प्रकटीकरण।

कुलसचिव
पूर्णियाँ विश्वविद्यालय
पूर्णियाँ (बिहार)
पिन – 854301

# PURNEA UNIVERSITY, PURNIA

[Estd. In 2018 under the Bihar State Universities (Amendment) Act, 2016 (Bihar Act,13, 2016)]

(Administrative Block, Pratap Nagar, Purnea Bihar – 854301)

website : https://www.purneau.ac.in E-mail : registrar@purneau.ac.in


यह सुनिश्चित किया जाए कि वेबसाइट कार्यशील (Functional), उपयोगकर्ता-अनुकूल (User-Friendly), नियमित रूप से अद्यतन (Regularly Updated) हो तथा उपलब्ध सूचनाओं तक सार्वजनिक पहुँच एवं आवश्यक Search Facility उपलब्ध रहे।

अतः उपर्युक्त निर्देशों के आलोक में पूर्णियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट को UGC/BSHEC के Public Self-Disclosure संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अद्यतन एवं व्यवस्थित करने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें तथा उक्त कार्य 30. 09. 2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त कार्य 28. 09. 2026 तक पूर्ण करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन (Compliance Report) पूर्णिया विश्वविद्यालय के IT Cell को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अनुपालन प्रतिवेदन में महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का लिंक तथा अद्यतन की गई सूचनाओं का संक्षिप्त विवरण भी अंकित किया जाए।

इसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता का कार्य मानते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

माननीय कुलपति के आदेशानुसार

22.9.26

(प्रो० अखिलेश कुमार)
कुलसचिव

ज्ञापांक– **PUP (49/26 Acd ) – R/26 –** 1553 **Date: 22.09.2026**

प्रतिलिपि–

1. अध्यक्ष छात्र कल्याण, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
2. उप कुलसचिव (शैक्षणिक), पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
3. प्रभारी, IT Cell पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
4. कुलपति के निजी सहायक, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
5. गार्ड फाईल।

22.9.26

(प्रो० अखिलेश कुमार)
कुलसचिव